दिन– गुरूवार दिनांक– 18 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज लोकसभा में विकसित भारत जी राम जी विधेयक, दो हजार पच्चीस पर चर्चा का जवाब देंगे।

02. राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा – प्रदेश में पंचायत आम चुनाव अगले वर्ष दिसंबर महीने से पहले संपन्न करा लिये जायेंगे।

03. बिहार वर्ष दो हजार अट्ठाईस में होने वाले पहले नेशनल यूथ गेम्स की मेजबानी करेगा। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी.टी. उषा ने दी सैद्धांतिक सहमति।

04. और, पटना, जहानाबाद, वैशाली और पूर्वी चंपारण समेत प्रदेश के कई जिलों में आज सुबह घने कोहरे की स्थिति। कल से तापमान में गिरावट की संभावना।

---

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज लोकसभा में विकसित भारत रोज़गार और आजीविका गारंटी मिशन, ग्रामीण विकसित भारत– जी राम जी विधेयक, दो हजार पच्चीस पर चर्चा का जवाब देंगे। लोकसभा में कल देर रात तक इस विधेयक पर चर्चा पूरी होने तक बैठक जारी रही। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

लोकसभा में विकसित भारत जी राम जी विधेयक पेश करते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह विधेयक गांवों के विकास को सुनिश्चित करेगा।

———बाइट———

सौ दिन की गारंटी के बजाय, हम 125 दिन की गारंटी दे रहे हैं न केवल गरीब का कल्याण बल्कि उसके साथ गांव का संपूर्ण विकास जो महात्मा गांधी कहते थे एक संपूर्ण गांव, एक स्वावलंबी गांव, एक विकसित गांव का निर्माण इसका प्रावधान इसमें किया गया है।

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि मनरेगा के स्थान पर लाये गए विकसित भारत जी राम जी विधेयक से श्रमिकों को काफी फायदा होगा। संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिन्हा ने इस विधेयक के नाम पर उठाए जा रहे सवालों को बेबुनियाद बताया।

———बाइट———

---

राज्य में पंचायत आम चुनाव अगले वर्ष दिसंबर महीने से पहले संपन्न करा लिये जायेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव नए सिरे से आरक्षण निर्धारण के बाद ही कराया जाएगा। आयोग ने कहा कि पंचायत चुनाव की अवधि और पदों के आरक्षण के संबंध में कोई भ्रम की स्थिति नहीं है। तय समय पर सभी पदों के आरक्षण के निर्धारण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

---

जदयू सांसद संजय झा ने मैथिली लिपि को डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने की मांग की है। राज्यसभा में श्री झा ने कहा कि मैथिली भाषा के संरक्षण, संवर्द्धन और डिजिटल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए तिरहुता लिपि को गूगल की–बोर्ड, एंड्रॉयड, आईओएस और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शामिल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है।

–––बाइट–––

---

प्रदेश में बिना निबंधन की चल रही माइक्रो फाइनेंस कंपनियों पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि सभी जिलों से निबंधित और गैर–निबंधित माइक्रो फाइनेंस कंपनियों और कर्ज देने वाली अन्य संस्थाओं की सूची मांगी गई है। उन्होंने बताया कि कर्ज देने वाली संस्थाओं का पंजीकरण अनिवार्य होता है। श्री कुमार ने कहा कि प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी की यह जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर ऐसी कंपनियों की पहचान करें।

---

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने ड्राइविंग टेस्ट पास करने वाले लोगों को चौबीस घंटे के अंदर ड्राइविंग लाइसेंस–डीएल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने सभी जिलों में चिपरहित लैमिनेटेड डीएल और वाहन निबंधन प्रमाण पत्र की प्रिंटिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना से चौंतीस मोबाइल फॉरेंसिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा मौजूद रहेंगे। इन वाहनों से साक्ष्य संग्रहण और अपराध अनुसंधान में तेजी आएगी।

---

राज्य सरकार ने भूमि विवाद से संबंधित मामलों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए आज पटना के ज्ञान भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। उपमुख्यमंत्री सह भूमि सुधार और राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता–डीसीएलआर और अंचलाधिकारियों के साथ भूमि सुधार जन कल्याण कार्यशाला में भूमि सुधार के उपायों पर विचार विमर्श किया जायेगा।

---

बिहार वर्ष दो हजार अट्ठाईस में होने वाले पहले नेशनल यूथ गेम्स की मेजबानी करेगा। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी.टी. उषा ने इसकी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने बताया कि आने वाले समय में आयोजन से जुड़ी औपचारिकताओं, मानकों, आवश्यकताओं और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने बिहार में तलबारबाजी के ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर खोलने पर मौखिक सहमति दे दी है।

---

पटना, जहानाबाद, समस्तीपुर, दरभंगा, वैशाली, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चपांरण समेत राज्य के कई जिलों में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण दृश्यता के स्तर में काफी कमी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में घना कोहरा छाये रहने की सम्भावना है।

–––बाइट–––

इधर, विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल से न्यूनतम तापमान में कमी का पूर्वानुमान जताया है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने योजना और विकास विभाग के कनीय अभियंता मोहम्मद अंसारूल हक के दरभंगा और मधुबनी स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी की है। इस दौरान जमीन और निवेश के कई कागजात बरामद किये गए। साथ ही एक लाइसेंसी पिस्तौल, एक मिनी ट्रक और एक मोटरसाईकिल भी जब्त की गयी है। छापेमारी और अनुसंधान की कार्रवाई के बाद संपत्ति का आकलन किया जा रहा है। अंसारूल हक पर आय से साढ़े चार सौ गुना से अधिक संपत्ति बनाने का आरोप है।

---

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए ने पटना से हथियार और कारतूस की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना कमलाकांत वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अबतक ग्यारह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। कमलाकांत पर बिहार और अन्य राज्यों में अवैध रूप से हथियारों और कारतूसों की तस्करी करने का आरोप है। एनआईए के अनुसार, कमलाकांत हरियाणा सहित कई राज्यों से अवैध तरीके से कारतूसों की खरीद करता था और उसे बिहार और उत्तरप्रदेश समेत अन्य राज्यों में बेचता था।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सोशल मीडिया पर पाकिस्तान से मिली धमकी के मामले में पटना साइबर थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि आईजी, पटना इस मामले की छानबीन कर रहे हैं।

———बाइट———

---

प्रसिद्ध लोक कलाकार और रंगकर्मी भिखारी ठाकुर की एक सौ अड़तीसवीं जयंती पर आज उन्हें याद किया जा रहा है।

———म्युजिक———

भिखारी ठाकुर का जन्म वर्ष अठारह सौ सत्तासी में बंगाल प्रेसिडेंसी के शाहाबाद में हुआ था। बिदेशिया, बेटी बेचवा और गबरघिचौर उनकी प्रमुख रचनाएं हैं। भिखारी ठाकुर को बिहार में लोक नाट्य परंपरा का जनक और भोजपुरी के शेक्सपीयर के रूप में भी याद किया जाता है।

———म्युजिक———

---

रोहतास जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र के ढोलाबाग–मौनापथ पर दो मोटरसाईकिल के बीच आमने–सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में मोटरसाईकिल सवार चारों युवकों की मौत हो गई।

---

आरा की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी मनु शर्मा को आजीवन कारावास और पच्चीस हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

---

पटना जंक्शन से एसटीएफ और पुलिस की टीम ने पच्चीस हजार रुपये के इनामी अपराधी आशीष मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर कई मामले दर्ज हैं।

---

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र से पुलिस ने नशीली दवाओं के कारोबार से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

मधेपुरा के बी.पी. मंडल इंडोर स्टेडियम में आयोजित इक्यावनवीं जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में पटना की टीम चैंपियन बनी है। सीतामढ़ी की टीम दूसरे और नवादा तथा बेगूसराय की टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार में पंचायत चुनाव दिसम्बर दो हजार छब्बीस से पहले। **दैनिक जागरण** ने लिखा है – यातायात नियमों के उल्लंघन पर चार हजार चार सौ अट्ठासी का डीएल निलंबित। चार सौ सत्तानवे लाइसेंस रद्द। **प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – बिहार को टॉप–फाइव विकसित राज्यों में शामिल करने के लिए तेजी से काम करें। **दैनिक भास्कर** की विशेष रिपोर्ट है – शिक्षकों की जाति, आधार की भी जांच, फर्जी मिला तो जाएगी नौकरी। **राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – बीमा क्षेत्र में सौ फीसदी एफडीआई को संसद की मंजूरी। **आज अखबार** लिखता है –रेलवे ने बदला रिजर्वेशन चार्ट का नियम। अब टिकट स्टेटस मिलेगा दस घंटे पहले।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज लोकसभा में विकसित भारत जी राम जी विधेयक, दो हजार पच्चीस पर चर्चा का जवाब देंगे।

02. राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा – प्रदेश में पंचायत आम चुनाव अगले वर्ष दिसंबर महीने से पहले संपन्न करा लिये जायेंगे।

03. बिहार वर्ष दो हजार अट्ठाईस में होने वाले पहले नेशनल यूथ गेम्स की मेजबानी करेगा। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी.टी. उषा ने दी सैद्धांतिक सहमति।

04. और, पटना, जहानाबाद, वैशाली और पूर्वी चंपारण समेत प्रदेश के कई जिलों में आज सुबह घने कोहरे की स्थिति। कल से तापमान में गिरावट की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।